अमर उजाला 21/04/2024

सुंदर नारा लेखन से दिया मतदान का संदेश

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज अंबाला छावनी में भारत सरकार के मार्गदर्शन के तहत चुनाव पर नारा लेखन का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को लोकतंत्र के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ सीमा कंसल ने बताया की चुनाव पर नारा लेखन का आयोजन एक महत्वपूर्ण कदम है ,जो कि छात्रों को लोकतंत्र के महत्व को समझने और उन्हें राजनीतिक प्रक्रिया में भागीदारी की भावना विकसित करने में निश्चित तौर पर मदद करेगा। संवाद